तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025

राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

13 पुस्तक विमोचन में राजिम की शिक्षिका...

14 पंचायत सचिवों का आंदोलन एक माह से जारी, भूख...





## खबर संक्षेप



### टीपपारा में हैंडपंप खराब से पेयजल संकट बढ़ा

**मैनपुर।** गर्मी के दिनों में गांवों में हैंडपंप खराब होने से एवं जल स्तर तेजी से नीचे जाने से लोग परेशान हो रहे हैं। देवभोग विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुड़ागांव के आश्रित ग्राम टीपपारा में एक हैंडपंप 20 दिनों से खराब हो गया है जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण भजनसिंह मरकाम, जोगेन्दर मरकाम ने बताया की यह हैंडपंप काफी पुराना है जिसका जल्द सुधार किया जाना चाहिए।

### कमार समाज का महा सम्मेलन कल

**पाटसिवनी(पिपरहट्ठा)।** ग्राम देवगांव छुरा में 19 अप्रैल को कमार समाज महासम्मेलन का आयोजन रखा गया है। जिसमें गरियाबंद, महासमुंद बलोदा बाजार, धमतरी जिला के कमार समाज के लोग सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता माननीय लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा होंगे।

### विधायक आज खुटेरी में

**छुईहा बेलर।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू का क्षेत्र में एक द्विवसीय दौरा है। ग्राम पंचायत खुटेरी सरपंच बेनी शंकर साहू ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा महापुराण महायज्ञ जारी है एवं लोकार्पण, भूमिपूजन कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित कीया गया है। उक्त कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, इंद्राणी नेहरू साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, नंदनी ओंकार साहू सभापति महिला बाल विभाग एवं स्वास्थ विभाग जिला पंचायत गरियाबंद, नंदू राम यादव सभापति निर्माण विभाग जनपद पंचायत फिंगेश्वर, हरीश साहू अध्यक्ष सरपंच संघ जनपद पंचायत फिंगेश्वर अतिथियों में शामिल होंगे।

### खेत में लगा सोलर पंप चोरी

**महासमुंद।** ग्राम नरतोरी के खेत में लगे सोलर पंप की चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी दुर्गेश कुमार चंद्राकरने बताया कि नरतोरी स्थित दिल्ली भांठा भर्री खेत में उसकी दादी जगौती बाई चंद्रकर पति लोकनाथ चंद्राकर के नाम से सौर सुजला योजना के तहत 03 एचपी का सबमर्सिबल सोलर पंप क्रेडा विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में लगाया गया था। 8-9 अप्रैल को सोलर पैनल और कंट्रोलर को किसी ने चोरी कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### एक्सीडेंट में पिता-पुत्र घायल

**महासमुंद।** एसडीएम कार्यालय सरायपाली के पास बाइक की टक्कर से पिता-पुत्र घायल हो गए। पुलिस को प्रार्थी अयोध्या प्रसाद चौधरी निवासी भंवरपुर रोड अयोध्यानगर बालसी ने बताया कि भंवरपुर रोड में उसकी किराने की दुकान है । 4 अप्रैल को वह अपने पुत्र भुवनेश्वर चौधरी के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडी 1779 से सरायपाली आ रहे थे।

# 109 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन पाण्डुका जतमई सड़क 5 साल से अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पाण्डुका से जतमई होते हुए मुड़ागांव तक 109 करोड़ रुपए की लागत से बन रही 37.7 किमी लंबी सड़क 5 साल बाद भी अधूरी है। 2019 में शुरू हुए इस निर्माण कार्य को 2022 में पूरा किया जाना था, लेकिन अब तक सिर्फ आंशिक काम ही हुआ है। यह परियोजना लोक निर्माण विभाग के एडीबी प्रोजेक्ट के तहत है, जिसका ठेका रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला था, जिसे पूर्व वन मंत्री के भाई असगर खान संचालित करते हैं।

- पूर्व वन-मंत्री के भाई की कंपनी कर रही काम

हालांकि निर्माण में देरी के लिए वन भूमि स्वीकृति की प्रक्रिया को कारण बताया ▶▶|शेष पेज 12 पर

## देरी के लिए वनभूमि स्वीकृति की प्रक्रिया को बताया कारण, डेट बढ़ाया लेकिन नहीं की पूरी

### पिचिंग बोल्डर की अवैध तुड़ाई माइनिंग विभाग भी अनजान


ठेका कंपनी ने 2020 में साकरा के बड़े झाड़-जंगल में अपना प्लांट स्थापित किया। आरोप है कि सड़क किनारे बनाए जा रहे ड्रेनेज वाल में इस्तेमाल हो रहे पिचिंग बोल्डर जंगलों से अवैध रूप से तोड़े गए हैं। इस पर खनिज विभाग भी मौन है। सहायक खनिज अधिकारी रोहित साहू ने भी मामले से अनभिज्ञता जताई, लेकिन मौके की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।



### अवैध खनन पर विभाग मौन

सूत्रों के मुताबिक, 2022 से ही रवेली सहित पाण्डुका वन परिक्षेत्र के तौरेंगा, मड़ेली, खड़मा, पंडरीतराई, गायडबरी जैसे क्षेत्रों में मुरम की अवैध खुदाई की जा रही है। वन अधिकार पट्टा क्षेत्र में भी खनन हुआ है। खदान तक पहुंचने के लिए पेड़ों की कटाई कर रास्ता बनाया गया, लेकिन वन विभाग ने आंख मूंद रखी है। जब डीएफओ लक्ष्मण सिंह से पूछा गया तो उन्होंने पहले अनभिज्ञता जताई, लेकिन जब वीडियो-फोटो दिखाया गया तो उन्होंने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।







**पहल : वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के पूर्व वैज्ञानिक का सुझाव- वन भैंसों को शीघ्र उदंती भेजें**

# राजकीय पशु की संख्या बढ़ाने उदंती अभ्यारण्य में लाई जाएगी मादा वनभैंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु वनभैंसा है लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि प्रदेश में अब वनभैसा विलुप्ति की कगार पर है। सरकार और वन विभाग ने वनभैंसों की संख्या बढ़ाने के लिए अनेक उपाय किए लेकिन अब तक जिनता सफलता मिलना चाहिए नहीं मिल पाया और तो और पूरे प्रदेश में उदंती अभ्यारण्य राजकीय पशुभैंसों के लिए जाना जाता है लेकिन वर्तमान में उदंती अभ्यारण्य में एकमात्र छोटु वनभैंसा ही बचा है जो काफी उम्रदराज हो चुका है और जल्द ही उदंती अभ्यारण्य में वनभैंसों की संख्या बढ़ाने बारनवापारा से वनभैंसा लाने की तैयारी किया जा रहा है जिससे यह उम्मीद लगाई जा रही है कि आने वाले समय में वनभैंसों की संख्या में इजाफा होगा। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 5-6 साल पहले असम से उदंती अभ्यारण्य के लिए वनभैंसा लाए गए हैं लेकिन उसे बारनवापारा के कोठारी वन परिक्षेत्र में रखा गया है जिसे उदंती लाने कई बार योजना तैयार की गई लेकिन अब तक ▶▶|शेष पेज 12 पर








### जल्द उदंती लाई जाए

छत्तीसगढ़ में वर्षों से वनभैंसों के लिए कार्य कर रहे एनजीओ के विशेषज्ञ ने मीटिंग में कहा कि बारनवापारा अभ्यारण से एक व्यस्क मादा वन भैंसी को उदंती स्थानांतरित कर सबसे पुराने नर वन भैंसा छोटू के साथ रखना चाहिए। वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के पूर्व वैज्ञानिक ने सुझाव दिया कि बारनवापारा से वनभैंसों को जितनी जल्दी हो उदंती भेज देना चाहिए और असम से और वनभैंसा लाने चाहिए, जिसमें से कुछ को इंद्रावती में छोड़ा जा सकता है।

### वनभैंसा छोटू का ब्रीडिंग के लिए उपयोग करें

डिप्टी डायरेक्टर उदंती सीतानदी ने सुझाव दिया था की बारनवापारा के वनभैंसों को उदंती सीतानदी भेज दिया जाए और असम से और वनभैंसा लाए जाएं। इस दौरान कई वन विभाग के कई आला अफसरों ने सुझाव दिया कि सबसे पुराने नर वनभैंसा छोटू का वीर्य एकत्र किया जाए। ताकि भविष्य में उसका उपयोग ब्रीडिंग के लिए किया जा सके। बहरहाल उदंती अभ्यारण्य के नाम से लाए जाए वनभैंसों को कब तक उदंती अभ्यारण्य लाया जायेगा यह तो समय ही बतायेगा लेकिन वन विभाग द्वारा अब तक कई बार प्रयास किया जा चुका है लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकली है।

# गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में अवैध गांजा के व्यापार में बार-बार लिप्त पाए जा रहे अपराधियों पर पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना पाण्डुका क्षेत्र के निवासी लोकेश साहू को पीआईटी एनडीपीएस मादक पदार्थों की गैरकानूनी तस्करी की रोकथाम अधिनियम के अंतर्गत जेल भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लोकेश साहू, पिता स्वर्गीय अशोक साहू, उम्र 38 वर्ष, निवासी पोंड़, थाना पाण्डुका, पूर्व में भी कई बार अवैध गांजा तस्करी में पकड़ा जा चुका है। वर्ष 2016 में उसे पहली बार थाना पाण्डुका में अपराध क्रमांक 32/2016, धारा 20(ख) एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

इसके बाद वर्ष 2018 में पुनः उसी अपराध में संलिप्त पाए जाने पर अपराध क्रमांक 111/2018 में फिर से कार्रवाई कर जेल भेजा गया। जमानत पर रिहा होने के बाद भी आरोपी की गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ। वर्ष 2023 में वह तीसरी बार गांजा तस्करी करते पकड़ा गया और अपराध क्रमांक



91/2023, धारा 20(ख) एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर पुनः जेल भेजा गया। इस प्रकरण में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

अवैध नशीली पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने तथा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आरोपी के विरुद्ध अब पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया है। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अवैध गांजा व्यापार में लिप्त अपराधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध प्लाटिंग मामले में 6 अनावेदकों पर 10-10 हजार रुपए शास्ति अधिरोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अनुविभागीय अधिकारी (रा) न्यायालय गरियाबंद में अवैध प्लाटिंग के संबंध में कुल 13 प्रकरण दर्ज किए गए थे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार यह प्रकरण 11 जून 2021 एवं 9 मई 2022 का है। इन संबंधित प्रकरणों में से 01 प्रकरण को पूर्व पीठासीन अधिकारी द्वारा नगर पालिका गरियाबंद क्षेत्र के अंतर्गत आने से 16 अक्टूबर 2024 को खारिज किया गया था तथा शेष 12 प्रकरणों में अनावेदकगणों द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 70 धारा 98 एवं धारा 172 के उल्लंघन किए जाने के फलस्वरूप न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा० ) गरियाबंद द्वारा 20 मार्च 2025 को आदेश पारित कर अनावेदकगणों को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 (4) के तहत 10 हजार रुपए शास्ति अधिरोपित की गई है। तथा उक्त शास्ति बकाया भू-राजस्व की ▶▶|शेष पेज 12 पर

# अनियंत्रित होकर बस खेत में जा घुसी, कई सवारियां घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड के उरमाल और सरगीगुड़ा मार्ग में गुरूवार को यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। बस पलटते ही सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। हालंकि कुछ लोगों को मामूली चोटे आई हैं। बस के पलटने और यात्रियों के चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मदद के लिए दौड़े और यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार इस बस में 40 यात्री सवार थे और बस के सामने हिस्सा पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।



**जिला स्तरीय तेन्दूपत्ता संग्रहण प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन**

# तेंदूपत्ते की खरीदी 5 हजार 500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से की जायेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद वनमंडल अंतर्गत कल्याण सिंह कपिल अध्यक्ष जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित की अध्यक्षता में तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन 2025 की तैयारी जिला स्तरीय तेंदूपत्ता संग्रहण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन वन विभाग के ऑक्सन हॉल में किया गया।

- संग्राहक अपनी समस्त जानकारी समिति प्रबंधक को उपलब्ध कराएं

उल्लेखनीय है कि पूरे वनमंडल में बूटा कटाई कार्य 02 मार्च से 13 मार्च के बीच पूर्ण कर लिया गया है। बूटा कटाई के 40-50 दिनों के भीतर तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु तैयार हो जाता है। छत्तीसगढ शासन द्वारा इस वर्ष 2025 में तेन्दूपत्ता (हरा सोना) की खरीदी 5 हजार 500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर निर्धारित किया गया है। इस वर्ष लगभग 50 करोड़ रुपए संग्रहण पारिश्रमिक वितरण किया जाना संभावित है। इस कार्य के लिए जोनल अधिकारी, पोषक अधिकारी, फड़ अभिरक्षकों एवं फड़ मुंशियों की नियुक्ति कर ली गई है। प्रशिक्षण में जिला यूनियन के संचालक सदस्य, समिति अध्यक्ष, प्रबंधक, जोनल अधिकारियों एवं पोषक अधिकारी उपस्थित थे। वन मण्डलाधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह ने तेन्दूपत्ता की महत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में बताया कि ग्रीष्मकाल में जहां ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार मूलक कार्य लगभग नगण्य हो जाते है ऐसे समय में तेन्दूपत्ता संग्रहण से मिलने वाला पारिश्रमिक उनके लिए बहुत ही लाभकारी हो जाता है। इसलिए सभी अधिकारी/कर्मचारी पूरी मेहनत एवं लगन से इस कार्य ▶▶|शेष पेज 12 पर




# विचाराधीन बंदी की न्यायालय परिसर में बिगड़ी तबीयत, मौत

**गरियाबंद।** जिले में धारा 302, 201 और 34 के तहत आरोपी विचाराधीन बंदी झुमुकलाल यादव की कल न्यायालय परिसर में पेशी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार, झुमुकलाल यादव, पिता ललित यादव, निवासी अमलीपदर, गंभीर आरोपों के चलते गरियाबंद जेल में बंद था। कल उसे पेशी के लिए कोर्ट लाया गया था, जहां उसकी हालत अचानक खराब हो गई। तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल गरियाबंद अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। गुरुवार को एसडीएम और मेडिकल टीम की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया गया। डॉक्टरों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल, प्रशासन इस पूरे मामले पर निगरानी बनाए हुए है।

## खबर संक्षेप



### सतबहिनिया और कटोरातालाब होगा जलकुंभी मुक्त

**रायपुर।** राजधानी के सतबहिनिया और कटोरातालाब को जलकुंभी मुक्त कर तालाब सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। सरोवर धरोहर को संरक्षित करने जोन 3 के अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर कार्य करने निर्देशित किया गया है। निगम आयुक्त विश्वदीप और एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने बुधवार को स्थल निरीक्षण कर जलकुंभी सफाई कराने हिदायत दी है। पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड का निगम आयुक्त ने एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी के साथ निरीक्षण किया। निगम कमिश्नर ने वार्ड पार्षद और एमआईसी सदस्य की मांग पर सतबहिनिया तालाब और कटोरातालाब से जलकुंभी हटाने और तालाब सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव जल्द तैयार करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। निगम आयुक्त ने कुंदरापारा में जर्जर शौचालय में आवश्यक सुधार और मरम्मत का कार्य करवाने तथा अरविंद नगर के सामुदायिक भवन में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कर प्रथम तल का निर्माण शीघ्र करवाने निर्देशित किया।

### पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा भूली सरकार

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में पंचायत सचिवों की भूख हड़ताल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पिछले विधानसभा चुनाव के समय मोदी गारंटी में भाजपा ने इन पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया था। सरकार बनने के लगभग डेढ़ साल बाद भी सरकार को इनकी सुध नहीं है। आज भूख हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह पाली जनपद के ग्राम पंचायत कुटेला मुंडा में पदस्थ थे और 9 अप्रैल से ब्लॉक मुख्यालय में भूख हड़ताल पर थे। अपनी मांगों को लेकर 17 मार्च से पंचायत सचिव हड़ताल पर हैं। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ पंचायत सचिवों के साथ खड़ी है और यदि इनकी मांगे पूरी नहीं होती तो पार्टी इसके लिए जल्द ही बड़ा आंदोलन करेगी।

# अधिक से अधिक पौधे लगाकर ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचे : बलराम देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

## वृक्षारोपण कर नए शिक्षा सत्र की शुरूआत, ईशान की अनुकरणीय पहल





छात्र ईशान ने एक पर्यावरण संरक्षण का अनोखा एवं अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। शहर के कक्षा 9वीं का छात्र ईशान देवांगन नया रायपुर स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल का छात्र है। प्रतिदिन सुबह 7 बजे रायपुर रोड स्थित गुलाब गार्डन से बस बैठकर नया रायपुर पढ़ाई के लिए जाता है। गुलाब गार्डन के पेड़ पौधे एवं हरियाली से प्रभावित होकर गार्डन में लाल गुलमोहर के 2 पेड़ लगाकर नए शिक्षा सत्र की शुरूआत की। छात्र ईशान ने बताया कि विगत 10 वर्षों से अपने जन्म दिन पर पेड़ लगा रहा है। अपने पिता बलराम देवांगन के पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए कार्यों से प्रेरणा लेकर स्कूल प्रारंभ होते ही 2 लाल गुलमोहर पेड़ लगाने की योजना बनाई। आईसेक्ट के संचालक एवं शहर के वरिष्ठ शिक्षाविद बलराम ने बताया कि जन्मदिन, शादी एवं अपने परिजनों की याद में वृक्षारोपण की परंपरा है। इसी कड़ी में एक नई पहल की शुरूआत की गई है। सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध है कि अगली कक्षा की शुरूआत एक पेड़ लगाकर अपने आसपास के लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें। श्री देवांगन ने बताया की 250 गमलों में 180 किस्म के पौधे आईसेक्ट कार्यालय परिसर में लगाए है। जिससे अन्य जगहों की तुलना में आईसेक्ट परिसर का तापमान 2 से 3 डिग्री कम रहता है। विगत 5 वर्षों में आईसेक्ट के छात्र-छात्राओं एवं लोगों को 500 से अधिक फलदार एवं अन्य पौधे बाड़ी एवं अन्य स्थानों में लगाने के लिए प्रदान किए गए है। छात्र ईशान द्वारा वृक्षारोपण करने में विजय यादव, शुभ यादव एवं गुलाब गार्डन के देखरेख प्रभारी पंचू साहू का सहयोग रहा।

### केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर बरसे कांग्रेस नेता

# सोनिया-राहुल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने धरना प्रदर्शन रखा। यह प्रदर्शन प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय के पास राजीव गांधी चौक पर किया गया।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय ने पहली चार्जशीट दाखिल की, जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। 12 अप्रैल को जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। ईडी ने दिल्ली, लखनऊ और मुंबई में 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया था। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार तानाशाही रवैये पर उतर गई है। ईडी पर दबाव बनाकर विपक्ष के नेताओं की आवाज को दबाने का कार्य कर रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ता उसकी इस तानाशाही से डरने वाले नहीं।

### हम झुकेंगे नहीं- भूपेश

प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, पूरा देश जानता है कि गांधी परिवार ने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। देश के लिए अपनी संपत्ति को दान में देने वाले परिवार के विरुद्ध षड्यंत्र करना एक घिनौना कार्य है। मोदी सरकार जितनी भी कोशिश कर ले, हम झुकेंगे नहीं। हम गांधी के अनुयाई हैं, सत्य के पथ पर बढ़ते रहेंगे।



### झूठे षड़यंत्र रच रही भाजाप- सिंहदेव

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, भाजपा के दबाव में आकर ईडी द्वारा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई और चार्जशीट दायर करने की जितनी निंदा की जाए कम है। गांधी परिवार ने सदा देशहित में कार्य किए हैं। कुंठित मानसिकता से भरी भाजपा गांधी परिवार के त्याग, संघर्ष और ईमानदारी को दरकिनार कर उनके खिलाफ झूठे षडयंत्र रच रही है।

### यह भाजपा की खीझ- बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी सत्ता की गुलाम बन चुकी है, इसे भंग कर दिया जाना चाहिये। सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट मोदी के डर को दिखाती है। जिस मुखरता से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मोदी सरकार को लगातार कटघरे में खड़ा कर रहे हैं, जनता की आवाज उठा रहे हैं, उससे घबरा कर मोदी सरकार ने ईडी के माध्यम से यह षड़यंत्र रचा है।

### ये थे मौजूद

इस प्रदर्शन में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, विकास उपाध्याय, अनीता शर्मा, छाया वर्मा, गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, ऐजाज ढेबर, सन्नी अग्रवाल, आकाश शर्मा, मदन तालेड़ा, शिव सिंह ठाकुर, अरुण ताम्रकार, नंदलाल देवांगन, ममता राय, धनंजय ठाकुर, सुरेंद्र वर्मा, विनोद तिवारी, पंकज मिश्रा, सुमित दास, नवीन चंद्राकर, प्रशांत ठेंगड़ी, दीपा बग्गा, सुरेश ठाकुर, श्रीकुमार मेनन, सतनाम पनाग, जी. श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, कोमल साहू, डोमन साहू, पप्पू राजेंद्र बंजारे, अमित शर्मा, अंकित वर्मा, भावेश बघेल, डीकेन सिन्हा, सजल चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, कमलेश नथवानी, अनिल रायचुरा, मोहसिन ख़ान, माधव छुरा, उत्तम साहू, संगीता दुबे, पद्मा कहार, आशा चौहान, सुयश शर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### साव का सवाल- गांधी परिवार हजारों करोड़ की संपत्ति का मालिक कैसे बना, दें जवाब



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बुधवार को कहा, नेशनल हेराल्ड के मामले में प्रवर्तन निदेशालय विधि सम्मत कार्रवाई कर रहा है। कांग्रेस ने अब धरना प्रदर्शन को अपराध संरक्षण का हथियार बना लिया है, पर यह नहीं भूला जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और धरनों से ईडी पर दबाव नहीं पड़ेगा। मामले को लेकर कांग्रेस एक बार फिर धरना-आंदोलन करके दबाव बनाने का प्रपंच रच रही है। भारतीय जनता पार्टी मांग करती है कि इस मामले की गहन जांच हो और कानून को अपना काम करने दिया जाए। पत्रकार वार्ता में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नेशनल हेराल्ड की स्थापना 1937 में हुई, तब इसके 5000 शेयर होल्डर थे। इनमें पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से लेकर पूर्व आंदोलन के नेता, जो बाद में मुख्यमंत्री रहे, वे भी थे। यानी, इसके शेयर नेहरू खानदान की जागीर कभी नहीं रहे। आगे चलकर 2008 में नेशनल हेराल्ड का पब्लिकेशन बंद हो गया। नेशनल हेराल्ड का संचालन करने वाली एसोसिएटेड जनरल लिमिटेड को कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड़ रुपए का लोन दिया। यहां तथ्य यह है कि कोई भी राजनीतिक दल अपना पार्टी फंड किसी कंपनी को नहीं दे सकता। हैरत की बात तो यह है कि बाद में नेशनल हेराल्ड ने कांग्रेस को 90 करोड़ का लोन चुकाने से मना कर दिया। इसके बाद यंग इण्डिया नामक कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी के 38-38 प्रतिशत शेयर थे और बाकी शेयर मोती लाल वोरा व ऑस्कर फर्नांडिस आदि अन्य के नाम पर थे।

*ईडी ने रिपोर्ट फाइल की है*

*ईडी ने इस मामले की जांच की और कांग्रेस के कई नेताओं से पूछताछ की थी। इसमें कांग्रेस के स्व. मोतीलाल वोरा, पवन बंसल, सोनिया गांधी और राहुल गांधी शामिल हैं। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जांच की और अपनी रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट ने 21 और 25 अप्रैल 2025 को सुनवाई की तारीख तय की है। ईडी ने जांच करके सेक्शन 8 के तहत रिपोर्ट फाइल की है।*

*जमानत पर हैं सोनिया-राहुल : पत्रकार वार्ता में उप मुख्यमंत्री ने पूछा कि यंग इण्डिया नॉन-प्रॉफिटेबल चैरिटेबल कंपनी है। अब इन्होंने चैरिटी के क्या काम किए, यह आज तक किसी को नहीं मालूम। इस प्रकार बहुत व्यवस्थित तरीके से सार्वजनिक संपत्ति को निजी संपत्ति बना लिया गया। इस घोटाले पर पहले शिकायत हुई, फिर मामले को ईडी ने लिया और जांच प्रारंभ की। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने पूरे मामले को रद्द करने के लिए कोर्ट में आवेदन लगाया। नेशनल हेराल्ड मामले को गांधी परिवार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इन मामलों में उन्हें सिर्फ जमानत मिली है और व्यक्तिगत उपस्थिति के मामले में छूट मिली है।*

## साहू समाज भेण्डरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण



**नवापारा-भेण्डरी।** ग्रामीण साहू समाज भेण्डरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रहास साहू, उपाध्यक्ष चुनुराम साहू, महिला प्रकोष्ठ से उपाध्यक्ष राधिका साहू, कोषाध्यक्ष युगल किशोर साहू, सचिव तुलसी साहू ,सहसचिव भुनेश्वर साहू, संरक्षक घनश्याम साहू, संगठन मंत्री डॉ गिरिश साहू, अंकेक्षक भोला साहू सहित 35 कार्यकारिणी के सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया। पुराने पदाधिकारियों का सम्मान शाल श्रीफल भेंटकर किया गया।



## ऋण वितरण व उर्वरक के उठाव संबंधी दी जानकारी

**छुरा।** भारत में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता कलेंडर वर्ष 2025 के अवसर पर अंतर्गत शाखा आदिम जाति सेवा समिति में फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें रोमन लाल ठाकुर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा फसल चक्र परिवर्तन एवं आगामी खरीफ ऋण वितरण उर्वरक के उठाव के संबंध जानकारी दिया गया। शाखा प्रबंधक छुरा एसएस सोम, पर्यवेक्षक हरिश्चंद्र साहू, अध्यक्ष समिति छुरा बल्लार सिंह मरकाम, अध्यक्ष कोसमी पंचराम ठाकुर, अध्यक्ष चरोदा टीकुम सोरी, अध्यक्ष पाठसिवनी हरपाल सिंह दीवान, अध्यक्ष सिवनी तिहार सिंह ठाकुर एवं अध्यक्ष रसेला भूपेंद्र मरकाम, कनसिंघी अध्यक्ष रोहित कुमार जगत, समिति छुरा के प्रबंधक रामकरण त्रिवेदी, यशवंत यादव सहित शाखा के अंतर्गत समस्त समिति प्रबंधक एवं समस्त कर्मचारी सहित कृषकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सिहारलटी में पोषण पखवाड़ा मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर




जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। आज ग्राम पंचायत सिहारलटी में पोषण पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें महिलाओं में 1000 दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें गर्भावस्था से लेकर बच्चे के 02 वर्ष तक के समय 1000 दिवस होता है और बच्चे के विकास के लिए यह समयावधि बहुत महत्वपूर्ण होता है, पर्यवेक्षक लीलावती सेन, कार्यकर्ता जयवती बघेल, कुमारी जाग्यसेनी, संतोषी, बसंती, चिंता, रोहिता अहिल्या दुर्गेश्वरी, इंद्राय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मैनपुर पीआर ठाकुर ने बताया हर व्यक्ति को पोषण तत्वो से युक्त आहार लेना जरूरी है पोषण सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की जानकारी दी जा रही है। उन्होने कहा बच्चो के मानसिक व शारीरिक विकास संतुलित आहार लेने से निश्चित है जिसके बारे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जानकारी दी जा रही है।

# संध्या राव ने कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम





पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू की मौजूदगी में कांग्रेस के हुए बड़े सम्मेलन में नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने धनेंद्र साहू सहित सभी पार्षदो, कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों, छाया पार्षदो और कार्यकर्ताओं तथा पत्रकारो का सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू,ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सभापति रमेश तिवारी,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव,सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष शेखर बाफना,जिला पंचायत के पूर्व सदस्य अरूणा शुक्ला,पूर्व पार्षद स्वर्णजीत कौर, पार्षद अजय साहू,रामरतन निषाद, अर्जुन साहू, फागुराम देवांगन, हेमंत साहनी, तरूण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे, दीपाली राजपूत, रेखा तिवारी, आशीष दीवान, अजय कोचर, चतुर जगत, राजा चांवला,शाहिद रजा, निर्माण यादव, राकेश सोनकर, अनुप खरे, मंगराज सोनकर, गुड्डु मिश्रा, बल्लु देवांगन,प्रतीक साहू, अहमद रिजवी, विनोद कंडरा,अतुल ठाकुर,सत्तार भाई, सौरभ सोनी, सुनील साहू, राजा ठाकुर, मोंटु मिश्रा, सुरेंद्र साहू सहित त्रिवेणी निर्मलकर, महेश साहू, शीतल जगत, रूखमणी कंसारी, योगिता कंसारी, मानसिंग ध्रुव, सुनीता सोनकर, शालु एशानी, यागवेंद्र ठाकुर, बल्लु साहू, प्रहलाद साहू, टीकम यादव, अनिल निषाद, निखिल राजपूत, कौशल नगारची, विक्की साहू, दीपक कंसारी, विशाल साहनी, सुनील शर्मा, विश्वनाथ नौरंगे, विजय तारक, गजेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, भोला साहू, दाऊ साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आदिवासी विकास परिषद ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

# नगर सैनिक हत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

महिला नगर सैनिक हत्या मामले में आदिवासी विकास परिषद ने सीबीआई जांच की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। मृतिका के पिता और दोनों भाइयों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। ज्ञापन में लिखा गया है कि बेटी बहादुर थी और अकेले उसकी हत्या कर पाना संभव नहीं है। लापरवाह डीएमसी को भी हटाने की मांग की गई।

आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारियों ने आज महिला नगर सैनिक हत्या मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। परिषद की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम, जिप सदस्य संजय नेताम, सरपंच संघ अध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव के नेतृत्व में समाज के दर्जन भर से ज्यादा सदस्य, मृतिका के पिता शंकर ध्रुव, भाई वाणेंद्र और गावेंद्र ध्रुव भी मौजूद थे। कलेक्ट्रेट आने से पहले परिषद हॉल में मृतिका के पिता ने बेटी को हो रही प्रताड़ना की बात समाज के सामने रखी, जिससे सभी की आंखें नम हो गईं। पिता ने कहा कि उनकी नगर सैनिक बेटी अपनी यूनिट की सबसे बहादुर मानी जाती थी, और आरोपी दामाद का अकेले उसे गला दबाकर हत्या कर पाना संभव नहीं था। परिजनों ने अपने आरोपों को समाज के सामने दोहराते हुए कहा कि गरियाबंद कस्तूरबा में छात्राओं के साथ हुए दुर्व्यवहार और समय-समय पर कई अनियमितताओं का खुलासा करने के कारण ही आरोपी दामाद को उकसाया गया और उनकी बेटी को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

### मिलने की अनुमति देने की मांग



राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में समाज ने मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग के अलावा, तत्कालीन हॉस्टल अधीक्षक की अनियमितताओं के उजागर होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा की गई नाममात्र की कार्रवाई पर सवाल उठाया है। उन्होंने जिम्मेदार जिला अधिकारी डीएमसी को तत्काल हटाने, हॉस्टल जांच की कॉपी सार्वजनिक करने के साथ-साथ आरोपी सोहन साहू और कस्तूरबा विद्यालय के अन्य कर्मचारियों से सामाजिक प्रतिनिधियों को मिलने की अनुमति देने की मांग की है। समाज का तर्क है कि बहादुर बेटी पर अचानक से चरित्र हनन का आरोप कैसे लगाया गया, आरोपी के आरोपों में कितनी सच्चाई है या फिर हत्या के पीछे हॉस्टल में प्रभावित लोग शामिल हैं, इस सच को सामने लाना जरूरी है। सौंपे गए ज्ञापन में गंगा राम नेताम, पूरन सिंह ठाकुर, रूपसिंह मरकाम, गजेंद्र पुजारी, राकेश मुर्रा, विष्णु नेताम, टीकूराम ध्रुव, हीरामन ध्रुव, टिकेश ध्रुव, दसोदा बाई ध्रुव, गुंजेश कपिल, विष्णु ध्रुव, वासुदेव ध्रुव, दीपक ध्रुव, फिरनतीन ध्रुव, कमल नारायण ध्रुव, डोमन ध्रुव, खिलावन ध्रुव, खेमसिंह ध्रुव, युवराज ध्रुव सहित अन्य सामाजिक सदस्य शामिल थे।

## पेज 11 के शेष...

### 109 करोड़ की लागत...

गया और इसी आधार पर 2024 तक समय बढ़ाया गया, लेकिन बढ़ी हुई अवधि में भी काम पूरा नहीं हो सका। जतमई पहुंचने से पहले करीब ढाई किलोमीटर घाटी क्षेत्र का काम अब तक अधूरा है।पाण्डुका के भाजपा नेता और पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुरम और गिट्टी की गुणवत्ता की लैब जांच सिर्फ औपचारिकता भर है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण में अमानक सामग्री का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। कार्य की निगरानी के लिए विभाग द्वारा नियुक्त कंसलटेंट इंजीनियर किसलया चक्रवर्ती ने बताया कि काम मई 2025 तक पूरा हो जाएगा और सामग्री की विधिवत जांच की जा रही है।

### राजकीय पशु की...

सफलता नहीं मिली है। बारिश से पहले उदंती अभ्यारण्य वनभैंसो की लाने की तैयारी किय जा रहा है ऐसी जानकारी विभागीय सूत्रो से मिली है। ज्ञात हो कि इसके लिए छत्तीसगढ़ वन विभाग ने देशभर से आए विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय मीटिंग 31 जनवरी को आयोजित की गई थी आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ में वनभैंसों की संख्या बढ़ाने के लिए असम से 2020 में एक नर और एक मादा वनभैंसा और 2023 में चार मादा वनभैंसा लाकर बारनवापारा अभयारण के बाड़े में बंद कर रखा गया है, इनके दो बच्चे भी हो गए है इन्हें देखने की अनुमति सिर्फ वीआईपी को दी जाती है उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में वर्ष 2005 में 61 वनभैंसा थे जो 2007 में लगभग एक दर्जन बचे थे। आज की तारीख में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में मूल नस्ल का, अपनी उम्र पूरी कर चुका 26 वर्ष का छोटू नाम का सिर्फ एक वनभैंसा बचा है, जिसे बाड़े में बंद कर रखा गया है बताया जाता है कि उम्र के कारण इसके एक दिखना बंद हो गया है। वही दूसरी ओर इंद्रावती टाइगर रिजर्व में 13 वनभैंसे होने की जानकारी दी जाती हैं जिनमें सात मादा और छह नर है गौरतलब है कि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत वनभैंसा शेड्यूल 1 का संरक्षित वन्य प्राणी है।

### अवैध प्लाटिंग मामले...

भाँति चालान के माध्यम से जमा करने हेतु आदेशित किया गया है। उपरोक्त समस्त प्रकरणों के भू-खण्डों को क्रेता, विक्रेता, भू-स्वामी द्वारा किये गये समस्त विक्रय, नामांतरण आदेश को पुनरीक्षण में लेते हुए तहसीलदार गरियाबंद को नामांतरण प्रकरण प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया गया है। इस संबंध में अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार गरियाबंद को आदेशित किया गया है कि प्रकरण में वर्णित समस्त उपखण्डों का पुनरीक्षित भू-राजस्व उपयोग के अनुसार निर्धारण कर मांग कायम कर तथा बिना व्यपवर्तन के गैर कृषि मद में उपयोग में होने वाले उपखण्डों में भू-राजस्व मय शास्ति मांग कायम कर साथ ही उक्त उपखण्डों के नियमितीकरण का प्रस्ताव मय पुनरीक्षित भू-राजस्व निर्धारण पत्रक तथा क्रेता, भू-स्वामी व्यक्ति जिस पर उक्त भू-राजस्व अधिरोपित किया जाना है, का प्रस्ताव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय को प्रेषित करें ताकि व्यपवर्तन आदेश जारी किया जा सके। उक्त आदेश के परिपालन में 06 अनावेदकगण इनमें हर्षित अग्रवाल, मो. हनीफ मेमन, मो. रिजवान मेमन, मो. हनीफ मेमन, मो. जावेद मेमन, संरक्षणकर्ता सौरभ देवांगन द्वारा 10-10 हजार रूपये चालान के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय में जमा किया गया।

### तेंदूपत्ते की खरीदी 5 हजार...

को मूर्त रूप देते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास करें। उप प्रबंध संचालक अतुल श्रीवास्तव के द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण आदि से संबंधित आवश्यक निर्देश समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया। संग्रहण प्रशिक्षण में अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह कपिल के अतिरिक्त संचालक सदस्य दयाराम नागेश, श्री भुवल बघेल, श्याम लाल सोरी, डगेश्वर ओटी, तिहार सिंह टेकाम, मंशाराम बिसेन एवं शशि नाग उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा संग्रहण के संबंध में आवश्यक निर्देश एवं सुझाव दिया गया।

## खबर संक्षेप



### सरकड़ा में आज से श्रीरामचरितमानस गान

**पाण्डुका।** ग्राम सरकड़ा में युवा संगठन समस्त ग्रामवासीयों एवं अंचल के दानदाताओं के सहयोग से 3 दिवसीय 18 से 20 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संगीतमय श्रीरामचरित मानस गान सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। जिसमें तीन दिनों तक रामायण कथा होगा जिसमें कुल 30 मंडलिया भाग लेगी जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। समस्त ग्रामवासी द्वारा गुरुवार को देवी देवताओं को न्योता देकर दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार का उच्चारण पंडित राकेश शर्मा के द्वारा किया गया। कलशयात्रा में श्री कृष्ण रास मंडली एवं ग्रामवासी के साथ नव युवक मंडली ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिया। गांव के समस्त देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर कलशयात्रा निकाली गई। ततपश्चात छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संगीतमय श्रीराम चरित मानस गान प्रारम्भ हुआ। प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में आशुतोष दिवान, अध्यक्षता राजीव दीवान पूर्व जिला पंचायत सदस्य विशिष्ट अतिथि चंद्र प्रकाश तिवारी साई फ्यूल्स सरपंच कीर्ति लता दीवान, उपसरपंच महेश्वर साहू के द्वारा मंचीय उदघाटन के साथ अतिथियों का उद्बोधन हुआ। प्रथम मण्डली के रूप में श्री कृष्ण कला परिषद सरकड़ा के द्वारा श्रीराम चरित मानस गान प्रारंभ किया गया फिर कर्पूरेश्वर मानस परिवार कोपरा के द्वारा मानस गान किया गया।

### पार्षद ने वार्ड क्रमांक 8 में जल संकट का किया निदान



**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका परिषद नवापारा के वार्ड क्र 8 के पार्षद व सभापति केकती सोनवानी ने पार्षद चुनाव के पूर्व जन कल्याण के लिए किए गए वादे को निभाते हुए वार्ड क्रमांक 8 जिसमें चौहान पारा, भोई पारा, सतनामी पारा, गाड़ापारा में जल संकट हुआ तो पार्षद प्रतिनिधि लल्ला सोनवानी ने स्वयं के लागत से वार्ड क्र 8 में शासकीय हैंडपम्प में पानी मोटर लगाकर वहां के रहने वालो को जल संकट से उबारा है। वार्ड में होने वाले विवाह के लिए वे यथासंभव मदद भी कर रहे है। जानकारी के मुताबिक बबली चौहान पुत्री स्वर्गीय आत्माराम चौहान के विवाह के अवसर पर घर पहुंचकर परिजन को पांच हजार नगद राशि प्रदान किए। इस तरह के जनकल्याण और सहयोग के लिए राजपूत चौहान समाज नवापारा के अध्यक्ष कृष्ण चौहान सहित समस्त सामाजिक सदस्यों ने उनके द्वारा किए जा रहे जनकल्याण कार्यो की प्रशंसा किया है।

### सुपोषण चौपाल का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं का गोध भराई कार्य किया गया एवं स्वच्छता पौष्टिक आहार व व्यायाम के बारे में बताया गया इस कार्यक्रम में पंच त्रिवेणी चंद्राकर, पंच राखी पटेला, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूनम चंद्राकर, मितानिन हीराबाई चंद्राकर, मनु चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, संतोषी टंडन, मीना चंद्राकर उपस्थित थे।

**कैविएट नोटिस**

मैं अपने पक्षकार संतोष सारडा पिता सालिकराम सारडा निवासी - छुरा तह. छुरा जिला - गरियाबंद से अधिकृत हो कर यह कैविएट नोटिस जारी करता हूँ।

1. यह कि मेरे पक्षकार ने ग्राम छुरा तह. छुरा जिला गरियाबंद स्थित ख.न. 550/3 रकबा 0.12हे. कृषि भूमि माननीय तहसीलदार महोदय के न्यायालय दिनांक 28/03/2025 को मेरे पक्षकार के पक्ष में निर्णय हो चुका है जिसका प्र.क्र. 202303220700040/अ-70/2022-23 है ।
2. यह कि इस कैविएट नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि माननीय अनुविभागीय अधिकारी [रा.] - छुरा तह. छुरा जिला गरियाबंद के समक्ष कोई अपील था स्थगन आवेदन प्रस्तुत किया जाता है तो बगैर मेरे पक्ष अनुपस्थिति में एवं बिना हमें सुनवाई के अवसर वगैर निर्णय नही किया जावेगा ।

सो सूचना जाने

भवदीय
आदित्य तिवारी (अधिवक्ता)
कार्यालय तहसील परिसर छुरा
जिला गरियाबंद

## प्रवचन : महराज ने कथा में सती माता के त्याग का किया वर्णन

# सच्चे मन से याद करने पर स्वयं चले आते हैं भगवान : पं. अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के कर्मा मंदिर में सौरज परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा प्रसंग के दौरान पंडित अरविंद मिश्रा ने कहा कि श्रोता 2 प्रकार के होते है। पहला वो श्रोता है जो कथा को ध्यानपूर्वक श्रवण करते है, मनन चिंतत करते हुए भगवान की कथा से प्रेम करते है उन्हें कथा प्रिय लगता है और दूसरा श्रोता वे होते है जो कथा तो सुनते है लेकिन सांसारिकता में पड़ जाते है। पंडित जी ने बताया कि भगवान को प्राप्त करने के लिए मन को निर्मल बनाने की आवश्यकता होती है। कहा गया है कि निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा अर्थात जो व्यक्ति पवित्र और सच्चे मन से भगवान को याद करता है, उसे भगवान प्राप्त होते हैं। जो छल-कपट और झूठेपन में लिप्त रहता है, वह भगवान के कृपा से दूर रहता है। विदुरानी का मन निर्मल था और उसमें भगवान के प्रति अपार प्रेम, स्नेह था इसलिए प्रेम के वश में होकर भगवान उनके घर गए। महराज जी ने कथा में सती माता के त्याग का वर्णन, ध्रुव जी की भक्ति का वर्णन किया। कथा श्रवण करने डॉ. ममता, भागवत सौरज, साधना सौरज, प्रभा संतोष ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंच रहे है। मालूम हो कि आज 18 अप्रैल शुक्रवार को ऊषा अनिरूद्ध तथा सुदामा चरित्र की कथा बताई जाएगी। कल शनिवार को परिक्षित मोक्ष तुलसी वर्षा और शोभायात्रा का कार्यक्रम होगा। इसके साथ ही गीता का ज्ञान पंडित जी द्वारा बताया जाएगा।



### टेका में श्रीरामचरितमानस प्रवचन का हुआ समापन



**राजिम।** ग्राम टेका में त्रि दिवसीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ आयोजन का समापन राम नाम के जयकारों के साथ गीता पाठ,यज्ञ पुर्णाहुति व श्रीराम नाम के जयकारों के साथ समापन किया गया। ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भंडारे के प्रसाद का आनंद उठाया। ग्राम विकास समिति टेका के अध्यक्ष श्री दुर्गा सिंह ठाकुर ने सभी सदस्यों के साथ ग्राम पंचायत सदस्य और समस्त ग्राम वासियों के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम विकास समिति अध्यक्ष दुर्गा सिंह ठाकुर, सरपंच गंगा प्रसाद भारतद्वाज, बुधारु साहू उप सरपंच, सालिक सिंह ठाकुर, दुर्वेंद्र ठाकुर, ठाकुर राम नारायण साहू होरीलाल साहू, पवन साहू, रिखम साहू, भूषण साहू, मनहरन साहू, बीरेंद्र साहू, जीवन साहू, टोमन साहू, तुला विश्वकर्मा, रेमन सिंग बैगा चंद्रशेखर साहू, हरिश्चंद यादव, धरमुदास कुर्रे, माखन साहू सहित बहुत अधिक संख्या में माता बहनें और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।



### चरभट्ठी में मानसगान का हुआ समापन

**छुईहा बेलर।** ग्राम चरभट्ठी में तीन दिन चले मानसगान का भक्ति पुर्ण उल्लास के महौल में भव्य समापन हुआ। कवि टिकम सेन ने अपने वाक शैली से मंच और दर्शक दीर्घा को तीन दिन तक बांधे रहे। तीसरे दिन 6 मानस मंडली में गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बिहाझर की मंच में संगीतमय सह व्याख्या की शानदार प्रस्तुति हुई। इनके व्याख्याकार 11 का अबोध बालक युगल किशोर साहू थे। व्याख्याकार युगल ने मिले प्रसंग में रामायण में हनुमान लंका में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहा की वे लंका में सीता की खोज के लिए जाते हैं, विभीषण से मिलते हैं, लंका में आग लगाते हैं और अंततः श्री राम को लंका विजय में मददगार साबित होते हैं। एक 11 साल का व्याख्याकार बालक युगल किशोर साहू बिहाझर बागबाहरा का इस तरह धारा प्रवाह बोलना बरबस श्रोतागण का ध्यान मंच की ओर आकर्षित हुए। उन्होंने हनुमान के द्वारा लंका में प्रमुख कार्य श्री राम ने सीता की खोज के लिए लंका भेजने, हनुमान जी ने विभीषण से मुलाकात की और उन्हें श्री राम का संदेश देने, लंका नगरी का विनाश करना। हनुमान द्वारा श्रीराम को लंका विजय में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करने जैसे वृतांत को श्रोता मानस के समक्ष रखा गया। हनुमान जी की श्रीराम के प्रति भक्ति और निष्ठा रामायण में प्रसिद्ध कड़ी में है। उनकी अद्भुत शक्ति और पराक्रम को लंका दहन से दर्शाया गया है। युगल ने कहा हनुमान जी को संकट निवारक माना जाता है और वे भक्तों के दुखों को दूर करने में सहायक हैं।

**प्रभु श्रीराम हम सबके अराध्य : इंद्रजीत-** मानस गान चरभट्ठी के तीसरे दिन जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक पहुंचे। उनके साथ उनके माता मीता महाडिक भी आए। उन्होंने आते ही भगवान श्रीराम की तस्वीर की पूजा अर्चना की। आगे कहा की धर्म मंच के कार्यक्रम से हम सबको हमारे जीवन के लिए बहुत कुछ ज्ञान की जानकारी ये मानस वक्ता के मुखारविंद से सुनने का अवसर मिलता है। मै अपने आप को इसके लिए सौभाग्य शाली मानता हूं। क्योंकि प्रभु श्रीराम हम सबके अराध्य है। उनके जीवन चरित्र को आत्मसात करने की जरूरत है। मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक, अध्यक्षता सरपंच राजेन्द्र साहू, अतिविशिष्ट अतिथि मीता महाडिक, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सरपंच राजेन्द्र साहू, उपसरपंच थन्नु साहू, मनहरण साहू, नेमू साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि खेमराज सिन्हा, भारत साहू, ठाकुर राम, चुम्मन साहू, वेदराम साहू बोडकी, युगल कशोर सिन्हा चरौदा, पंच सोनकुंवर साहू, सोनू लाल साहू, हेमचंद साहू, जिला साहू समाज उपाध्यक्ष रोशन साहू, चुन्नुषपं लाल साहू, संजू निर्मलकर, अनुज साहू, गोवर्धन साहू, लाकेश्वरी साहू, पंच लुकेश्वरी साहू, नोमेश्वर साहू यादराम, रामगुलाल, मंच संचालक टिकम सेन उपस्थित थे।

# गौ ग्राम जन जागरण यात्रा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



छत्तीसगढ़ शासन एवं राज्य गौ सेवा के निर्देशन में संत गोवर्धन शरण महाराज द्वारा सिरकट्टी आश्रम से गुरूवार को 10 बजे गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी ,जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, गौ रक्षा परिषद के जिला संयोजक ईश्वरी साहू, पूर्व संघचालक रूपेंद्र साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने गौ माता का पूजा कर किया। गौ ग्राम जन जागरण यात्रा के प्रभारी भुनेश्वर साहू ने बताया कि लगातार 18 दिनों तक गांव-गांव में जाकर गौ माता के संदेश देने का काम करेगा गांव संवर्धन गोरक्षण गौ पालन के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गई है हर घर में गोपालन हो, और गौ माता के मूत्र, गोबर, मानव ,स्वास्थ्य और पर्यावरण प्रकृति के लिए वरदान है। इसको संरक्षित और सुरक्षित रखने की जरूरत है आने वाले समय में जो धरती रासायनिक खाद से जहरीले खेती होती जा रही है उसको बचाने का एकमात्र उपाय है गोबर आधारित कृषि जिसमें अमृत जैसा फल प्राप्त होगा घर-घर में दूध दही होने से बच्चों को अमृत जैसे दूध पीने का उनको अवसर मिलेगा और यह इसी उद्देश्य से यात्रा निकाली गई है यह यात्रा लगातार क्षेत्र के 54 ग्रामों में भ्रमण करके संध्या के समय प्रतिदिन गोष्टी के माध्यम से जन जागरण किया जाएगा। यात्रा शुभारंभ अवसर पर डोमार साहू परिक्षेत्र साहू समाज पांडुका के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष गुलाब साहू, सचिव डॉक्टर सरवन साहू, पूर्व सचिव साहू, वेदराज ओमप्रकाश साहू एवं पूज्य साधु संतों की उपस्थिति प्रमुख रूप से रही।

### भेण्डरी में मना आंबेडकर जयंती

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के सतनामी समाज द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर शीष नवाकर मनाया गया। इस अवसर पर रामजी जांगड़े, अशोक डहरिया, धरम मंडे, जीवन डहरिया, रेवा जांगड़े, दिनेश जांगड़े, सेवक बांधे, नीलकंठ सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष,नीलकंठ जांगड़े ,नेहरु डहरिया, फेरहा मंडे, घनश्याम डहरिया मौजूद थे।



# पुस्तक विमोचन में राजिम की शिक्षिका लेखन कार्य में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राज्य में शिक्षा और आपदा जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में प्रदेश के चुनिंदा शिक्षकों द्वारा रचित आपदा प्रबंधन एवं बचाव नामक राज्य स्तरीय पुस्तक का विमोचन 13 अप्रैल को न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन रायपुर में टंकराम वर्मा, मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। मंत्री कहा कि आपदा प्रबंधन के विषय में छत्तीसगढ़ में जागरूकता लाने के लिए यह पहला प्रयास है जो कि सराहनीय है। मेंने स्वयं एक शिक्षक की भूमिका में अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है। आपदा प्रबंधन विषय में पुस्तक के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने के इस प्रयास के लिए सभी लेखक शिक्षकों को साधुवाद। जब भी इस प्रकार के जन जागरूकता संबधी कार्य किए जाएंगे मेरा प्रत्यक्ष सहयोग आप सभी शिक्षकों के साथ सदैव रहेगा। विमोचन के बाद सभी लेखक शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पुस्तक में स्वामी आत्मानंद राजिम की शिक्षिका व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने विशेष सहभागिता प्रदान की।



# हितग्राहियों के घर पहुंचकर विधायक रोहित ने पीएम आवास का किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत विधायक रोहित साहू ने किरवई व सोनेसिल्ली गांव में हितग्राहियों के घर पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया। प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना 2.0 के तहत 15 से 30 अप्रैल तक मोर दुआर-साय सरकार महाभियान पखवाड़ा के तहत विशेष सर्वेक्षण चल रहा है जिसमे सभी जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी गांव गांव जाकर सर्वेक्षण का अवलोकन कर रहे है। विधायक रोहित साहू ने दोनों ग्रामो के हितग्राहियों के घर जाकर हितग्राहियों से चर्चा कर मोबाइल के माध्यम से स्वयं सर्वेक्षण किया उन्होंने ने कहा कि यह अभियान 15 अप्रेल से 30 अप्रेल तक सभी ग्राम में ग्राम सभाएं आयोजित कर घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा।सर्वेक्षणों की पुष्टि ग्राम सभा की स्वीकृति और सत्यापन कर अंतिम रिपोर्ट तैयार कर राज्य कार्यालय को भेजी जाएगी।विधायक साहू ने सभी अधिकारी कर्मकारियो को समय सीमा में पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण पूर्ण करने आदेशित किया साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं से भी अवगत हुए।इस अवसर पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, मुख्य कार्य पालन अधिकारी स्वप्निल ध्रुव, राकेश साहू, सरपंच पंच एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

# मां कर्मा के जीवन से आत्म बल निर्भीकता की मिलती है शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



पटेवा में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती

ग्राम पटेवा में साहू समाज द्वारा मां कर्मा की जयंती मनाई गई सर्वप्रथम गांव के माता बहनों के द्वारा बाजा के साथ मां कर्मा की जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा निकाली गई जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुए मां कंकालिन मंदिर प्रांगण से होते हुए पटेश्वर मंदिर होते हुए साहू भवन पहुंची,यहां मां कर्मा की मूर्ति की पूजा अर्चना पश्चात आए हुए अतिथियों का पुष्प हार चंदन तिलक लगाकर श्रीफल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्रह्मानंद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ,प्रमुख अतिथि उमा राव साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद, परदेसी राम साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा यशवंत साहू सरपंच ग्राम पंचायत पटेवा एवं विशिष्ट अतिथि भुनेश्वरी साहू, पारसमणी साहू, ताराचंद साहू थे। मुख्यअतिथि ब्रह्मानंद साहू ने अपनी उद्बोधन में कहा कि मां कर्मा जयंती भक्त माता कर्मा की भक्ति और उनके जीवन से जुड़ी कथा को याद करने के लिए मनाई जाती है, वहीं कृष्णा यशवंत साहू सरपंच पटेवा ने समस्त ग्राम वासियों को भक्त कर्मा माता की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए समाज की रीति नीति तथा शिक्षा एवं संस्कार के प्रति मार्गदर्शन दिया, अंत में ग्रामीण अध्यक्ष जोगीराम साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मां कर्मा के जीवन से आत्म बल, निर्भीकता, साहस समानता और राष्ट्र भावना की शिक्षा मिलती है, साहू समाज शिक्षित समाज है इस पर्व का उद्देश्य मां कर्मा की त्याग भक्ति और समाज सेवा के गुणों को याद करना है। इस अवसर पर मिथलेश साहू सचिव, प्रेमलाल साहू उपाध्यक्ष, लीला राम साहू कोषाध्यक्ष, जीवन साहू, साधुराम साहू, चंद्रकांत साहू, मोहनलाल साहू, सदाराम साहू, प्यारेलाल साहू, केशव साहू, तुकाराम साहू, महिला प्रकोष्ठ रेखा साहू, ललिता साहू, मीनाक्षी साहू, चुनिया साहू, सूर्यकांत साहू, जागेंद्र, चेतन, भीषण, रोहित, झमन, टुकेंद्र साहू, कुलेश्वर साहू, उमेश साहू एवं सभी पार प्रमुख की गरिमा मय उपस्थिति एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रही।

# शिक्षा से समाज आगे बढ़ता है : माणसमणि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

ग्राम भेण्डरी में देवांगन समाज का वार्षिक सम्मेलन हुआ जिसमें सर्वप्रथम मां परमेश्वरी की आरती कर शुरूआत किया गया। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष प्रीतराम देवांगन थे। संरक्षक हेमंत देवांगन, नीरज देवांगन ,आनंद पटेल, राधे पटेल ,कामता साहू ,मंडल अध्यक्ष माणसमणि देवांगन ,चेतन देवांगन ,रितेश देवांगन ,दानी देवांगन मौजूद थे। इस अवसर पर प्रीतराम देवांगन ने कहा कि देवांगन समाज देव समाज है। हमारा मुख्य व्यवसाय कपड़ा है। उन्होने समाज के लोगो से नशापान से दूर रहने का संदेश दिया। अध्यक्ष माणसमणि देवांगन ने कहा कि शिक्षा पर जोर दिया शिक्षा से समाज आगे बढ़ता है। आज देवांगन समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मां परमेश्वरी की कृपा से समाज हमारा उन्नति कर रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीण देवांगन समाज अध्यक्ष संतराम देवांगन, यज्ञा देवांगन, बलराम देवांगन एवं समाज जन मौजूद थे।

# सम्मेलन में शामिल होने गृह मंत्री विजय ने दी सहमति

**गरियाबंद।** सर्व ब्राह्मण समाज गरियाबंद के जिला एवं राजिम परिक्षेत्र के पदाधिकारियो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के नतृत्व में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से सौजन्य मुलाकात कर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जिसमें उन्होंने सहजता से सहमति प्रदान किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा जिला अध्यक्ष अश्वनी तिवारी, उपाध्यक्ष बसंत त्रिवेदी, तहसील अध्यक्ष बसंत मिश्रा, युवा मंच प्रदेश सचिव सागर शर्मा, गोविंद तिवारी, महेंद्र द्विवेदी देवेंद्र शर्मा सुभाष शर्मा धीरेंद्र शर्मा धर्मेंद्र शर्मा शरद शर्मा सुधा शर्मा मीनाक्षी शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सांसद बृजमोहन के हाथों जिपं सदस्य नेहा सम्मानित

**मैनपुर।** अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल का सम्मान किया गया। गौरतलब है कि नगरीय निकायों व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अग्रवाल समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विश्वंभर अग्रवाल सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। इस दौरान जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य नेहा सिंघल का सम्मान किया गया।

### वार्ड 9 में आंबेडकर की मनाई गई जयंती



**फिंगेश्वर।** वार्ड नंबर 9 में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर पार्षद शांति कोसरे, पार्षद नरेन्द्र रात्रे, भाजपा नेत्री भुनेश्वरी साहू सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### तेंदूपत्ता तोड़ाई के लिए तैयार



**मैनपुर।** वनोपज में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले तेंदुपत्ता अब तैयार होने लगा है। वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों का जीविका उपार्जन का मुख्य स्त्रोत तेंदुपत्ता होता है तेंदुपत्ता का एक अलग ही महत्व है। मिली जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र के कुछ खास जंगलो क्षेत्रों के तेंदुपत्ता की मांग विदेशों में भी बनी रहती है और बकायदा यहां के नाम से बीड़ी बिकता है। जैसे बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल के बीड़ी ठेकेदार साहूकारों द्वारा यहां के पत्ते खरीदे जाते है। इन दिनों तेंदुपत्ता की फसल तैयार होने लगी है। जल्द ही तेंदुपत्ता की कटाई भी प्रारंभ होगी। प्रदेश ही नहीं देश की अर्थव्यवस्था में तेंदुपत्ता का बहुत बड़ा योगदान है। यही कारण है कि गरियाबंद वनमंडल एवं उदंती के बफरजोन इलाके के कुछ स्थानों के तेंदुपत्ता की निलामी ऊंची दरों पर होती है।

## प्रदर्शन : सभा आयोजित कर तीन सचिवों को दी श्रद्धांजलि

# पंचायत सचिवों का आंदोलन एक माह से जारी, भूख हड़ताल कर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल और तेज होती जा रही है, 17 मार्च से जारी यह आंदोलन को आज एक माह पूर्ण हो चुका है सचिव संघ द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन के साथ ही अब क्रमिक भूख हड़ताल भी किया जा रहा है। सचिवों के हड़ताल से विभिन्न सरकारी कार्य प्रभावित होने लगे है हड़ताली पंचायत सचिव अपनी सिर्फ एक ही मांग शासकीयकरण को लेकर आंदोलन कर रहे हैं उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के पूर्व मोदी की गारंटी के रूप में हमारी मांग को शामिल किया गया, घोषणा पत्र के 7 वे नंबर पर रखा गया था सरकार बने डेढ़ वर्ष हो रहे है आज तक सरकार ने हमारी मांग पूरा नही किया जब तक मांग पूरा नही होगा आंदोलन किये जाने की बात कही जा रही है। ग्राम पंचायत सचिव संघ के मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमलाल ध्रुव, संतोष गुप्ता, अशोक महंती एवं अन्य सचिवों ने कहा हम लोग शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे है सरकार ने हमें शासकीयकरण करने का वायदा किया था जब तक शासकीयकरण नही किया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होने बताया कई बार सरकार के समक्ष हमारी मांगों को रखा गया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण मजबुरन आंदोलन करने बाध्य हो रहे हैं।



### चेतावनी के बाद भी आंदोलन पर जारी

छत्तीसगढ़ में अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर करीब महीने भर से हड़ताल कर रहे ग्राम पंचायत सचिव सरकार के चेतावनी के बाद भी आंदोलन पर कायम है। वहीं दूसरी ओर पंचायत सचिवों के हड़ताल के समर्थन में कई संगठन भी सामने आ रहे है। बताया गया है कि राज्य भर में 17 मार्च से जारी इस आंदोलन को लेकर प्रदेश भर के 146 ब्लॉकों में धरना दिया जा रहा है इस धरने के दौरान तीन पंचायत सचिवो की मौत हो गई मैनपुर सचिव संघ द्वारा तीन दिंवगत साथियों को श्रद्धाजंली सभा आयोजित कर श्रद्धाजंली अर्पित की गई।

### ये रहे शामिल

सचिव संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल में मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ प्रेमलाल ध्रुव, त्रिवेंद्र नागेश,दसरू जगत, अनिला नेताम, भोलाराम चक्रधारी, रामेश्वर ध्रुव पालिस राम नेताम, संजय राजपूत, तुकाराम नायक, घनश्याम नागेश, योगेंद्र यादव, सालिक राम पटेल, ओम प्रकाश कोमर्रा, कुलदीप मरकाम, बसंत सिन्हा, निर्मल देशमुख, भूपेंद्र नेताम, मनोज साहू, डिगेश्वर यादव, लक्ष्मी नाथ ध्रुव, संजय नंदलाल, सत्य रंजन हंसराज, विनोद बिहारी, चंपेश्वर दास वैष्णव, अशोक महंती,संतोष गुप्ता,परमेश्वर सेठी, अब्दुल सलाम खान, कैलाश यादव, देवीसिंह मांझी, डोमेश्वरी महिलाँगे,उपेंद्र नेताम, भुनेश्वर यादव, कैलाश ठाकुर, सहित जनपद पंचायत के सभी सचिव मौजूद रहे।

## एनडीपीएस एक्ट मामलों की जांच को लेकर हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों की जांच को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गरियाबंद पुलिस द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के दिशा-निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुई। कार्यशाला में जिले के सभी थानों से आए विवेचकों को लोक अभियोजक अधिकारी रामगोपाल दूबे ने एनडीपीएस एक्ट के तहत होने वाली कानूनी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने PPT के माध्यम से घटना स्थल पर की जाने वाली कार्रवाई, जप्ती, गिरफ्तारी, गवाहों के कथन दर्ज करना तथा फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया।प्रशिक्षण के दौरान विवेचकों ने अपनी जाँच के अनुभव साझा किए और आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों के संबंध में प्रश्न पूछे, जिनका तत्काल समाधान भी प्रदान किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य एनडीपीएस एक्ट की विवेचना में मानकों का पालन करते हुए दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करना रहा।

## हरिहर स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग का चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

पीएम श्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में आर्ट ऑफ लिविंग की चार दिवसीय विशेष कक्षाओं का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से अमित मखीजा एवं सुनील नागवानी ने मार्गदर्शन किया। प्राचार्य दानी मैम ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में कक्षा पहली से लेकर कक्षा दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने बड़ी उत्सुकता और रुचि के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एसएन देवांगन, भुवन अवसरीया, राजेश अवसरीया, दुर्गेश बंजारे,



महेश वर्मा, सोनू साहू, अश्वनी साहू, सौरभ साहू, चन्द्रकांत धनकर, हिमानी दास, अल्फिया बानो, रेणुका यादव, कुसी सीखा, आरती तिवारी, अर्चना सिंह एवं प्रगति बरेठ भी उपस्थित रहे। कार्यशाला के प्रथम दिवस में प्रशिक्षकों ने बच्चों को शरीर की ऊर्जा, उसके विभिन्न अंगों और उनके महत्व के बारे में सरल और प्रभावशाली ढंग से जानकारी दी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्राणायाम और योग के कई व्यायाम भी सिखाए गए, जिन्हें करके सभी बच्चों ने अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा और ताजगी का अनुभव किया। बच्चों के चेहरे पर उत्साह और आनंद की झलक देखते ही बन रही थी। विद्यालय में आयोजित यह चार दिवसीय कार्यशाला निश्चित ही विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाएगी तथा उन्हें तनावमुक्त और आत्मविश्वासी जीवनशैली की ओर प्रेरित करेगी।

## पंचायत सीईओ ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

ग्राम रसेला में 16 अप्रैल को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ जीआर मरकाम ने ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों व हर विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला के साथ हाईस्कूल पहुंचकर वस्तु स्थिति देखा, तत्पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित ग्रामीण चिकित्सा सहायक डॉ प्रज्ञेश देवांगन से ओपीडी, महिला पुरुष वार्ड, प्रसूति कक्ष,लैब सहित अगले माह मे कितना डिलीवरी, इस माह में कितना डिलीवरी हुआ साथ ही साथ यहां कितना स्टाफ है और डॉक्टर रोज आते हैं या नहीं सहित सभी का विस्तृत जानकारी का निरीक्षण किया गया। सहायक चिकित्सा डॉ



प्रज्ञेश देवांगन ने बताया कि डॉक्टर और नर्स सरकारी क्वार्टर पुरी तरह से जर्जर हो चुका है जिसमें बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है, इस के लिए सीईओ सर ने जल्द पहल करने की बात कही। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत रसेला के अंतर्गत बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना का जानकारी ली और सीधे आवास हितग्राहियों के घर घर जाकर चर्चा की और हितग्राहियों को आवास निर्माण योजना से संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं सुखा नदी में बने एनीकेट के पास जल संसाधन विभाग द्वारा ट्रिप सिस्टम द्वारा खेतों में सिंचाई करने के लिए चल रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान उपभोक्ता केंद्र पहुंचकर सेल्समेन से कुल कितना कार्डधारी, चावल, चना, शक्कर, मिट्टी तेल सहित सभी की जानकारी ली गई। उन्होंने ने वही पर बैठे उपभोक्ताओं से सीधे संवाद किया और कहा कि आप लोगों को चावल, चना, शक्कर मिट्टी तेल मिलता है की नहीं, सभी ने समय पर मिल जाने की बात कही गई। साथ ही उन्होंने आने वाले 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित होने के लिए हेलीपेड मैदान का जगह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रामसिंग सोरी, जल संसाधन विभाग के एसडीओ, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, तकनीकी सहायक, आवास अधिकारी, पटवारी ,जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, पूर्व सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, पंच कृष्णा यादव, कुबेर बारिक, राजू चौहान, आवास मित्र मूलचंद सोरी, भूपेन्द्र मरकाम, शिवशंकर जयसवाल, बलद ठाकुर, संतोष , रोजगार सहायक, सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षा ही है समाज की रीढ़ : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

मरार पटेल समाज राजिम राज का वार्षिक सम्मेलन गौरव ग्राम खिसोरा में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिभावान छात्र - छात्राओं, समाज के निर्वाचित सरपंच, उप सरपंच, पार्षद, जनपद सदस्यों व समाज मे विशेष योगदान देने वाले बुजुर्गो का सम्मान समारोह आयोजित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शुभारम्भ समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व राज अध्यक्ष तेजराम पटेल (शिक्षक) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रदेश संयोजक राजेंद्र नायक पटेल तथा विशेष अतिथि के रूप मे वीरेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड, राखी साहू सरपंच खिशोरा, तिलोत्मा साहू जनपद सदस्य, मति इंदु पटेल उप सरपंच खिशोरा, प्रदेश महामंत्री व जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल, प्रदेश महामंत्री दुलेश्वर पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल, खेलु पटेल, प्रदेश अंकेक्षक फिरगी पटेल, व्यपारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमलेश पटेल अशोक पटेल, युवा प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सर्व प्रथम सभी अतिथियों की उपस्थिति मे समाज की आराध्य देवी माता शाकम्भरी एवं भगवान श्रीराम चंद्र की पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ हुआ। मरार समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि गौरव ग्राम खिसोरा का इतिहास भुलाया नहीं जा सकता, क्योंकि इस धरती पर छः स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी जन्म लिया, जिसमें चार हमारे पटेल समाज के है। जिन्होंने राजिम राज का सामाजिक संगठन एक राज के रूप मे किया ' इतना ही नहीं, स्व. माधोराम पटेल जी राजिम के संगठन को मजबूत करने के साथ छत्तीसगढ़ मरार समाज की संकल्पना को साकार कर मूर्त रूप प्रदान किया ' और मरार समाज छत्तीसगढ़ की स्थापना पुरानी बस्ती महामाया मे स्थापना किया। मरार समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान संयोजक राजेन्द्र नायक ने कहा की हमारा समाज बहुत ही संगठित समाज है, मेहनत कस समाज है, संगठन की ताकत से प्रदेश कार्यालय रायपुर मे प्रदेश स्तरीय छात्रावास का निर्माण किया गया है, जिसमें समाज के बहुत बच्चे रहकर उच्च शिक्षा की शिक्षा प्राप्त कर रहे है, चाहे डॉक्टर, इंजिनियर, वकील, आदि की कोचिंग छात्रावास मे रहकर अध्ययन अध्यापन कर रहे है ' शिक्षा समाज की रीढ़ है, जो दुनिया की हर ताला को खोलती है।

■ मरार पटेल समाज ने प्रतिभावान छात्र - छात्राओं व सरपंच को किया सम्मानित

### मरार समाज है संगठित समाज



प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं राजिम राज अध्यक्ष तेजराम पटेल ने कहा की हमारा समाज बहुत ही संगठित समाज है,गौरव ग्राम के पुरोधा स्व. माधोराम पटेल, स्व. देवीराम पटेल के गौरवशाली इतिहास को भुलाया नहीं जा सकता, क्योंकि आजादी की लड़ाई लड़ते लड़ते पूरे मरार समाज को संगठित कर एक सूत्र मे बांध दिया है ' राजिम राज के संगठन को स्थापित कर निरंतर सन 1947के पश्चात स्थापना से लेकर सन 2000 तक संगठन को मजबूती प्रदान किया। समाज के प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मान किया गया। सरपंच राखी ने कहा की पटेल समाज मेरे परिवार की तरह है, वे मेरे सुख दुख के साथी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नारायण पटेल सचिव कैलाश पटेल कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष गणपत पटेल, दामोदर पटेल, थूकेल पटेल, संरक्षक विनोद पटेल, प्यारी पटेल सलाहकार, दीपक पटेल, गुलाब पटेल, तीजन पटेल, लक्ष्मी पटेल, सुखराम पटेल, दाऊलाल पटेल, किशन, मदन, वेंकट पटेल, भारत पटेल विष्णु पटेल, कुंजबिहारी, प्रहलाद, संतोष, भुखन, आनंद पटेल, बिसहत, तीजन पटेल पटेल, हरिशंकर, महेन्द्र, खूबचंद पटेल कौशल पटेल हेमंत पटेल सहित गांव के हजारों की संख्या मे गणमान्य नागरिक, महिला एवं पुरुष, युवा साथी उपस्थित रहे।



## उपाध्यक्ष शमीम ने कार्यभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

नगर पंचायत के उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान ने अपना कार्य भार ग्रहण किया और उपाध्यक्ष चेंबर का विधिवत उद्घाटन हुआ। जिसमें नगर के प्रमुख नागरिक गण, कांग्रेस कार्यकर्ता, पार्षद गण उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा, यशपेंद्र शाह, महेश्वरी शाह,समद खान, रमेश शर्मा, मानसिंह दीवान, नियाज़ अहमद, अजय दीक्षित, मक्खू दीक्षित, धनेश्वरी मरकाम, इस्माइल मेमन, अवधेश प्रधान, आकाश दीक्षित, सोनू दीक्षित, पत्रकार नरेंद्र तिवारी, संतोष जैन, उज्ज्वल जैन, परमेश्वर राजपूत, उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान एवं पार्षद हरीश यादव,सलीम मेमन, रामजी दीवान, पंच राम टंडन, शांतनु देवांगन, देवी सिंह नेताम,यामीन खान, दीप्ति यादव, भोलेशंकर जायसवाल, संगीता दीक्षित, एवं नागरिक योगेन्द्र चंद्राकर, तिलक टंडन, सुनील चंद्राकर, अखिल चौबे, शैलेन्द्र दीक्षित, मुस्कान साहू, रामलाल,गीता, पीतांबर, मंगलू राम ठाकुर, सुनील चंद्राकर, राजू यादव, लखन यादव, और नीलकंठ ठाकुर, उपस्थित थे।



## तोड़ाई मई के पहले सप्ताह या दूसरे सप्ताह में हो जाएगी शुरू

# बूटा कटाई के बाद संग्रहण के लिए तैयार हो रहा हरा सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

क्षेत्र में बूटा कटाई के बाद अब संग्रहण के लिए हरा सोना कहे जाने वाला तेंदूपत्ता तैयार हो रहा है। इस साल बेहतर ढंग से किए गए बूटा कटाई शाखकर्तन कार्य के परिणाम स्वरूप तेंदूपत्ता की झाड़ियां में उच्च गुणवत्ता के कोमल तेंदूपत्ते निकलने लगें हैं। इसकी तोड़ाई मई के पहले सप्ताह या दूसरे सप्ताह में शुरू हो जाएगी। इसकी तैयारी संग्राहक भी कर रहे हैं। संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 5500 हजार रूपए मिलता है। तेंदूपत्ता संग्राहकों ने बताया कि इससे कुछ ही दिन में रोजगार में अच्छी कमाई होती है। तेंदूपत्ता संग्रहण के सीजन में घर के सभी सदस्य इस कार्य में शामिल होते हैं, ताकि अधिक से अधिक पत्ते की तोड़ाई की जा सके। तेंदूपत्ता संग्राहक देवलाल बारिक, कुबेर बारिक, भुवेन्द्र मरकाम, गिरवर सोरी, जनकराम यादव, भानु कोमर्रा, संतराम कोमर्रा, फगनु ठाकुर, वेदव्यास निषाद, भागवत कोमर्रा, लखन यादव, नारायण सिंह ठाकुर आदि ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण की तैयारी कुछ महीने पहले से शुरू कर देते हैं। इसमें तेंदूपत्ता के लिए बूटा कटाई, रस्सी सहित आवश्यक तैयारी किया जाता है। उन लोगों ने बताया कि अभी पत्ते के आकार और रंग में अच्छा परिवर्तन हो रहा है। जिला यूनियन संचालन समिति के सदस्य दयाराम नागेश डगेश्वर ओटी, तिहार टेकाम ने बताया कि संग्रहण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए इस साल संग्राहकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। क्योंकि इससे उनका ही फायदा होने वाला है। अधिक संग्रहण होने पर तत्कालिक रूप से संग्रहण राशि मिलने के साथ बोनस और तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए संचालित योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। संग्रहण लक्ष्य के लिए सभी अधिकारी कर्मचारियों एवं लघु वनोपज सहकारी समिति के संचालकों को एलर्ट किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस साल मुख्यालयों में फड मुंशी, पोषक अधिकारी, समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित संचालक मंडल व प्रबंधक को बुटा कटाई के लिए प्रशिक्षण दिया गया था। जिसके चलते संग्राहकों ने अच्छे गुणवत्ता के पत्ते निकलकर तैयार हो रहें हैं। अब संग्रहण में पखवाड़े भर का ही समय शेष है। रसेला समिति के अंतर्गत रसेला, मेडकीडबरी, कुडेरादादर ,सुरगपानी, फूलबाहरा, आमापारा फड आते हैं।



